ब्रिज की गलियों में घुमा करेंगे

(ध्यान किशोरी चरनन को मुख राधे राधे गाऊँ,
ललितश्याम वृन्दावन रज में रज हैके बस जाऊं,
मैं रज हैके बस जाऊं॥)

ब्रिज की गलियों में घूमा करेंगे राधे राधे पुकारा करेंगे,
ब्रिज की गलियों में घूमा करेंगे राधे राधे पुकारा करेंगे.....

तेरे दर्शन से सुबह शुरू हो, शाम ढल जाएं तेरी झलक से,
तेरे दर्शन से सुबह शुरू हो, शाम ढल जाएं तेरी झलक से,
आंख बंद हो खुली हो हमारी, हम तो तुम को निहारा करेंगे,
आंख बंद हो खुली हो हमारी, हम तो तुम को निहारा करेंगे,
ब्रिज की गलियों में घूमा करेंगे राधे राधे पुकारा करेंगे....

चाकरी तेरे दरबार की हो, कोई चिंता न संसार की हो,
चाकरी तेरे दरबार की हो, कोई चिंता न संसार की हो,
तेरे चरणों की छइया के नीचे, हम तो हर पल गुजारा करेंगे,
तेरे चरणों की छइया के नीचे, हम तो हर पल गुजारा करेंगे,
ब्रिज की गलियों में घूमा करेंगे राधे राधे पुकारा करेंगे......

हम पे करदो कृपा की नजर अब, थाम लो हाथ ए श्याम सुंदर,
हम पे करदो कृपा की नजर अब, थाम लो हाथ ए श्याम सुंदर,
कर तिलक तेरे चरणों की रज से, अपनी किस्मत सँवारा करेंगे,
कर तिलक तेरे चरणों की रज से, अपनी किस्मत सँवारा करेंगे,
ब्रिज की गलियों में घूमा करेंगे राधे राधे पुकारा करेंगे,
ब्रिज की गलियों में घूमा करेंगे राधे राधे पुकारा करेंगे.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31400/title/brij-ki-galiyon-me-ghuma-krenge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |